प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 29.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- लोकसभा में आज भी ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी रहेगीं
- उच्च न्यायालय ने प्रदेश के स्कूलों की इमारतों की स्थिति को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार से रिपोर्ट पेश करने को कहां
- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस आज–वन मंत्री संजय शर्मा रणथम्भौर अभ्यारण्य में बाघिन मछली के स्मारक का अनावरण करेंगें
- भरतपुर, धौलपुर और करौली में आज मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट–पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर भारी बरसात हुईं

00000

लोकसभा में आज भी ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी रहेगीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक अभियान पर कल चर्चा शुरू की थीं चर्चा में भाग लेते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत की सैन्य कार्रवाई, सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए नई शुरुआत का संकेत हैं विदेश मंत्री ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी तरह की बाहरी मध्यस्थता का पूरी तरह खंडन कियां उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम में अमरीका की कोई भूमिका नहीं थीं इससे पहले सदन में चर्चा शुरू करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना हमले के जवाब में भारत ने बिना किसी उकसावे वाली, नपी–तुली और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाने की कार्रवाई कीं

.....

राज्यसभा में भी आज ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे की चर्चा शुरू होगीं इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री के भाषणों की सराहना की हैं प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन भाषणों को उत्कृष्ट बतायां

0000

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आज 5 वर्ष पूरे हो रहे हैं ये नीति देश के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहें पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने देश में अधिक समावेशी, शिक्षार्थी–केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी हैं

0000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज वर्चुअल माध्यम से पाली के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के नये भवन का उद्घाटन करेंगें कार्यक्रम में सांसद पी पी चौधरी और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत मौजूद रहेंगें हमारे संवाददाता ने बताया कि ये नया भवन 18 दशमलव 6 एकड क्षेत्रफल में बनाया गया है, जिसमें कई अत्याधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध होंगीं

.....

0000

उच्च न्यायालय ने प्रदेश के स्कूलों की इमारतों की स्थिति और संसाधनों के अभाव को लेकर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया हैं अदालत ने मामले में शिक्षा मंत्रालय, बाल विकास मंत्रालय, मुख्य सचिव, एसीएस शिक्षा, प्रमुख बाल कल्याण सचिव और राष्ट्रीय बाल आयोग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया हैं अदालत ने शिक्षा मंत्रालय और मुख्य सचिव से मामले में उठाए गए कदमों की जानकारी पेश करने को कहा हैं जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश प्रकरण में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स पर कार्रवाई करते हुए दिए हैं इस बीच कल जैसलमेर जिले के पूनमनगर स्थित एक सरकारी स्कूल का प्रवेशद्वार गिरने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई जबकि एक शिक्षक और एक अन्य बच्चा घायल हो गयां जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया हैं वहीं उदयपुर जिले के नया राजपुरा स्थित सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में कल तीन कमरों की छत से प्लास्टर गिर गयां हालांकि सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गयां उस समय इन कमरों में 45 विद्यार्थी मौजूद थें

00000

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हैं बाघों को संरक्षित करने के प्रयासों को बढावा देने के लिए ये दिन हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता हैं इस दिन का उद्देश्य लोगों में बाघों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाना हैं वन और पर्यावरण

मंत्री संजय शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए पारिस्थितिक संतुलन के रक्षक बाघों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया हैं श्री शर्मा आज सवाईमाधोपुर में रणथम्भौर की प्रसिद्ध बाघिन मछली के नवनिर्मित स्मारक का अनावरण करेंगें हमारे संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर अभ्यारण्य में बाघों के उचित संरक्षण और संवर्धन से राज्य के अन्य अभ्यारण्य भी बाघों से आबाद हो रहे हैं

....

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बरसात का सिलसिला जारी हैं मौसम विभाग ने भरतपुर, धौलपुर और करौली में आज मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं वहीं अलवर, बारां, दौसा, कोटा और सवाईमाधोपुर में बरसात का ऑरेंज अलर्ट हैं इस बीच पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर भारी बरसात दर्ज की गयीं तेज बरसात से कई दक्षिण पूर्वी जिलों में जन जीवन प्रभावित हैं

....

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कीं उन्होंने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कीं बैठक में श्री चौहान ने बताया कि मंत्रालय ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए मनरेगा के तहत राज्य को 4 हज़ार 384 करोड़ रुपये जारी किए हैं श्री शर्मा ने राज्य की ओर से केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त कियां

0000